प्रैस नोट

शिक्षा का अधिकार 2009 तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार हिमाचल प्रदेश नियम 2011 मे निहित प्रावधानों के अनुसार पहली से आठवीं कक्षा वाले सभी निजी विद्यालयों को हिमाचल प्रदेश प्रारम्भिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः जिला कांगड़ा के सभी निजी प्राथमिक / माध्यमिक / उच्च / वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धकों / मुख्याध्यापकों / प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2021–2022 के लिए मान्यता प्रकिया सम्बन्धी शैडयूल जारी कर दिया गया है। जिन निजि शिक्षण संस्थान की मान्यता को 5 वर्ष पूरे हो गये है उन्हें नई मान्यता प्राप्त के लिए आवेदन करना होगा और बाकि निजी शिक्षण संस्थानों को मान्यता नवीनीकरण के लिए कार्यालय में आवेदन करना होगा। सभी निजी शिक्षण संस्थानो में पहली से आठवीं कक्षा के लिए मान्यता के लिए आवेदन 08 फरवरी 2021 से 01 मार्च 2022 तक शिक्षा खण्डो के अनुसार निर्धारित दिनाक को ही आवेदन कर सकते है और किसी दिनाक को आवेदन मान्य नहीं होगा। पाचवीं कक्षा तक के सभी निजी प्राथमिक विद्यालयों को अपने आवेदन सम्बन्धित खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में तथा पहली से आठवीं कक्षा वाले सभी निजी माध्यमिक / उच्च / वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को अपने आवेदन उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय में सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ जमा करवाने होंगे। मान्यता प्राप्ति के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के मानकों को पूर्ण करना होगा। मान्यता प्राप्ति के बिना कोई भी निजी शिक्षण संस्थान अपने स्कूल में विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं देगा अन्यथा छात्रों को होने वाली हानि व उसकी भरपाई के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। मान्यता प्रकिया सम्बन्धी विस्तृत जानकारी इस कार्यालय की Website www.ddee.org.in पर उपलब्ध है। या दूरभाष नं० 01892-226007 पर सम्पर्क करें।

नई मान्यता पहली से पांचवी तक – 5000रू0

नई मान्यता पहली से आठवीं तक – 10000रू0

नई मान्यता छठी से आठवीं (स्तरोन्नत) तक – 5000रू0

मान्यता का नवीनीकरण पहली से आठवीं – 500रू0 प्रति वर्ष

मान्यता प्राकिया सम्बन्धित विस्तृत जानकारी इस कार्यालय की Website- www.ddee.org.in पर उपलब्ध है।

उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

जिला लोक सम्पर्क अधिकारी,
कांगड़ा स्थित धर्मशाला की सेवा में
इस निवेदन के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त
प्रैस नोट सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित
करवाने की कृपा करें।

Sr.no	Education Block	Date of submission of applications for the respective Blocks in the O/o the Dy. Dir. Ele. Edu. Kangra at Dharamshala.
1	Indora	10.02.2021
2	Fatehpur	11.02. 2021
3	Nurpur, Kotla,	12.02. 2021
4	Raja Ka Talab, Jawali,	15.02. 2021
5	Nagrota Surian, Rait,	16.02. 2021
6	Kangra	17.02. 2021
7	Nagrota Bagwan	18.02. 2021
8	Dharamshala	19.02. 2021
9	Dadasiba, Rakkar,	20.02. 2021
10	Bhawarna	22.02. 2021
11	Lambagaon, Thrul,	23.02. 2021
12	Panchrukhi, Chadhiar,	24.02. 2021
13	Baijnath	25.02. 2021
14	Palampur	26.02. 2021
15	Dehra	01.03. 2021

उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कांगड़ा स्थित धर्मशाला।